(ग) सेवाओं तथा पदों मे भर्ती/पदोन्नति के लिए अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों को कई छूट/रियायतें प्रदान की गई है अर्थात् :

1. आयु सीमा : 5 वर्ष तक ।
2. परीक्षा फीस की अदायगी से छूट ।
3. सीधी भर्ती में अनुभव/अर्हता मे छूट ।
4. सीधी भर्ती के स्तर की उपयुक्तता में छूट ।
5. सीधी भर्ती समूह "ग" तथा समूह "घ" पदों में गैर-तकनीकी तथा अर्द्ध तकनीकी स्तरों में छूट ।
6. विभागीय प्रतियोगी परीक्षा तथा नियमित करने संबंधी परीक्षा के स्तरों में छूट ।
7. उपयुक्तता की शर्त पर वरिष्ठता के आधार पर उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति के लिए विभागीय अर्हक परीक्षा के स्तर में छूट ।
8. पदोन्नति के लिए परीक्षा के स्तरों में छूट ।
9. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों का अलग से साक्षात्कार ।
10. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को यात्रा भत्ते का भुगतान ।
11. सफाई कर्मचारियों, फराश, चौकीदार आदि का चपरासी के पद पर स्थानान्तरण ।
12. चयन/साक्षात्कार बोर्ड में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित सदस्य को शामिल करने का प्रावधान ।
13. अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों में प्रतिबन्ध उपरोक्त के अतिरिक्त, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों/उम्मीदवारों को परीक्षा पूर्व निःशुल्क कोचिंग दी जाती है ।

फिर भी वर्ष 1989-90, 1990-91 तथा 1991-92 के दौरान अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए बैक लॉग को भरने के लिए तीन विशेष भर्ती अभियान चलाए गए थे । चौथा विशेष भर्ती अभियान जुलाई, 1993 में चलाया गया तथा मार्च, 1994 में समाप्त हुआ ।

सरकार ने अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित उम्मीदवारों के निर्धारित कोटे को भरने के लिए लिखित परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में छूट देने के लिए भी अनुदेश जारी किए हैं । आर्थिक मानदंड के आधार पर कमजोर वर्गों के लिए परीक्षा पूर्व कोचिंग की एक योजना है जो अन्य पिछड़े वर्गों तथा अल्पसंख्यकों पर बल देती है ।

कृषि को संघ सूची के अंतर्गत लाना

*242. **श्री शंकर दयाल सिंह :**

श्री प्रमोद महाजन :

क्या कृषि मंत्री 9 दिसम्बर, 1994 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 454 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार "कृषि" को संघ सूची के विषयों के अंतर्गत रखे जाने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड़) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं होता ।

बिहार में नवोदय विद्यालय

*243. **श्री नरेश यादव :**

श्री जनार्दन यादव :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के प्रत्येक जिले में नवोदय विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) बिहार के कितने जिलों में अब तक नवोदय विद्यालय खोले जा चुके हैं और शेष जिलों में कब तक खोले जाने की संभावना है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) जी, हां ।

(ख) बिहार में 36 जिले इस योजना के अंतर्गत पहले ही शामिल किए जा चुके हैं और यदि सम्बन्धित राज्य सरकार द्वारा इसके लिए अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध की गई और वित्तीय संसाधन उपलब्ध हो गए तो सरकार आठवीं योजना अवधि के दौरान शेष जिलों को भी शामिल करने की इच्छुक है ।

Investment in Agricultural Research

*244. SHRI RAMACHANDRAN PILLAI :

SHRI NILOTPAL BASU :

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) the year-wise investment in the agricultural research and extension programmes during the last three years;

(b) what is the sector-wise break-up of such investments in the irrigated areas, rainfed areas and dryland farming;

(c) what are the percentage-wise proportions of these sectors in terms of cultivable land to the total cultivated land in the country;

(d) what is the percentage proportion in terms of output of these sectors; and

(e) what is the future plan for investment in agricultural research ?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI BAL RAM JAKHAR) : (a) The investment made in agricultural research